**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**
-------

## राजभवन में हुआ योग दिवस का पूर्वाभ्यास
## राज्यपाल ने पहुंचकर निरीक्षण किया
## 21 जून को होगा मुख्य आयोजन

लखनऊः 19 जून, 2019

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2019 को होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रम की पाश्र्वभूमि में आज राजभवन में पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में योग साधकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर राज्यपाल श्री राम नाईक ने योग पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में पहूंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया तथा स्वयं भी योग किया। इस अवसर पर सचिव आयुष विभाग श्रीमती नीना शर्मा, विशेष सचिव श्री आ0एन0 बाजपेयी एवं श्री आलोक यादव, निदेशक आयुर्वेद एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो0 एस0एन0 सिंह, कार्यक्रम प्रभारी डाॅ0 शिव शंकर त्रिपाठी सहित आयुष विभाग के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पांचवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तर पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन राजभवन में 21 जून 2019 को प्रातः 6.00 बजे से किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल श्री राम नाईक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंत्रिमण्डल के सदस्यगण, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारिगण, विभिन्न संस्थाओं के योग साधको, विद्यालयी बच्चों, स्वयं सेवी संगठनों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास किया जायेगा।

ज्ञातव्य हो कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से 11 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' घोषित किया था। विश्व के लगभग 200 देशों में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

योगाभ्यास कार्यक्रम प्रभारी डाॅ0 शिव शंकर त्रिपाठी ने बताया कि राजभवन लाॅन में होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में वही योग साधक प्रतिभाग कर सकेंगे जिनको आयुष विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आमंत्रण पत्र निर्गत किये गये हैं। डाॅ0 त्रिपाठी ने बताया कि इस मुख्य योगाभ्यास कार्यक्रम के अतिरिक्त जनपद लखनऊ के विभिन्न पार्कों में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम भव्यता से आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी की आयुष विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 15 जून से 30 जून 2019 तक की अवधि को योग पखवारे के रूप में मनाया जा रहा है जिसमें योगाभ्यास के साथ-साथ कार्यशाला, गोष्ठियाँ, भाषण प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जायेगा।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (210/26)







